## जिला चिकित्सालय को एनेस्थीसिया चिकित्सक और शव वाहिनी मिली



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने और व्यवस्थाओं को दूरूस्त करने हेतु लगातार प्रयासरत है। जिसके परिणाम स्वरूप बुरहानपुर जिला चिकित्सालय को स्थाई एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारी और दिवंगत व्यक्तियों को अस्पताल से घर या श्मशान घाट तक पहुंचाने के लिए ;शव वाहिनीद्ध एम्बुलेंस की सौगात मिली है। अतिशीघ्र दूसरी एम्बुलेंस ;शव वाहिनीद्ध प्राप्त होगी। श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**स्थाई एनेस्थीसिया चिकित्सक की हुई नियुक्तिः**–श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि जिला चिकित्सालय में स्थाई एनेस्थीसिया की नियुक्ति शासन द्वारा कर दी गई है। जिला चिकित्सालय में एनेस्थीसिया चिकित्सक के रूप में चिकित्सा अधिकारी डॉण्श्वेता शिवहरे की पदस्थापना की गई है। अब चिकित्सालय में एनेस्थीसिया की पदस्थापना होने से ऑपरेशन के लिए रोगियों को इंतेजार नहीं करना पड़ेगा।

**एक एम्बुलेंस ,शव वाहिनी मिलाए एक ओर मिलेगीः**–अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रसन्नता है कि भाजपा की सरकार के चलते जिले में बड़ा चिकित्सालय भवन का निर्माण तो हो सका। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी का स्वास्थ्य पर विशेष फोकस है। बुरहानपुर जिला चिकित्सालय को दिवंगत व्यक्तियों को अस्पताल से घर या श्मशान घाट तक पहुंचाने के लिए ;शव वाहिनीद्ध एक एम्बुलेंस प्राप्त हुआ है। अतिशीघ्र दूसरी एम्बुलेंस भी जिले को मिलेगी।

चिटनिस ने कहा कि इस सेवा का लाभ लेने के लिए किसी व्यक्त की मृत्यु होने पर 108 पर कॉल करना होगा। सीएमएचओ या सिविल सर्जन के निर्देश पर एम्बुलेंस दिवंगत व्यक्ति को अस्पताल से उनके घर या श्मशान घाट तक पहुंचाएगी। यह सेवा 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। पहले उपचार के दौरान या दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को निवास तक पहुंचाने में परिजनों को काफी दिक्कतों का साना करना पड़ता था। अब यह निःशुल्क सेवा शुरू होने से लोगों को सहायता हो सकेगी।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आम जनता को शव वाहन भी उपलब्ध करा रही है। यह योजना उनके लिए राहत लेकर आई है जिन्हें अब तक मरीज के शव को ले अस्पताल से जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। और अंतिम संस्कार में बड़ी दिक्कतें आती हैं। कई बार वाहन नहीं मिलने पर मरीज या चोटिल व्यक्ति की मौत के बाद शव कई घंटों तक अस्पताल में ही पड़ रहता था। राज्य सरकार ने अस्पताल से घर तक अब ये निःशुल्क शव वाहन सेवा शुरू की है।

### एक नजर में

## कृषि उपज मंडी से सेवानिवृत्त हुए नंदू बारी



**अधिकारियों कर्मचारियों सहित मित्रों ने किया स्वागत**

**बुरहानपुर।** किसी भी मानव का सरकारी अथवा निजी क्षेत्र से एक पड़ाव के बाद सेवानिवृत्ति होना तय है। इस सेवा निवृति पर मुहर उसी दिन लग जाती है जिस दिन वह ड्यूटी पर तैनात होता है। सेवा निवृति जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो व्यक्ति के यौवनकाल के अंत और भविष्य के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक बनता है। यह एक ऐसा समय है जब व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन से अवकाश लेता है और व्यक्तिगत जीवन के साथ समूचा समय परिवार समाज के लिए खर्च कर बाकी समय आराम फरमाता है। बारी के सेवा निवृति पर कृषि उपज मंडी के भारसाधक अधिकारी सहितए संयुक्त मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित ने स्वागत कर बिदाई दी। उपनगर लालबाग में मित्रों परिवार जनो ने भगवान गणेश की आराधना कर भव्य बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकालकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद आशीष शुक्ला,आकाश कड़सकर, करण चौकसे, विक्की चौकसे,सन्नी चौकसे, राहुल बारी,मंगेश बारी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कदम रसूल कॉलोनी में लटकी कार्रवाई की तलवार, एसडीएम, तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**बुरहानपुर।** आजाद नगर की इरशाद कॉलोनी में 5 कॉलोनाइजरों को जेल भेजने के बाद अब दूसरी अवैध कॉलोनियों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है। गणपति नाका स्थित कदम रसूल कॉलोनी की शिकायतें मिलने के बाद एसडीएम,तहसीलदार ने निरीक्षण कर भैतिक सत्यापन किया। नोटिस जारी करने के बाद आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई होगी। एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ ने राजस्व अमले के साथ एमागिर्द क्षेत्र में कटी कदम रसूल और पुराने तासी हॉस्पिटल के पीछे कृषि भूमि पर छोटे भूखंड में कट रही अवैध कॉलोनी का निरीक्षण किया। राजस्व रिकॉर्ड देखने के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पर जिन कॉलोनियों की अधिक शिकायत आ रही है उन कॉलोनियों के प्रकरण तहसील एवं एसडीएम न्यायालय में दर्ज कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक माह में करीब पांच कॉलोनियों के प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें अधिकांश जगहों पर एसडीएम डायवर्शन पर ही छोटे भूखंड में प्लाटों का विक्रय कर दिया गया। जहां से सडक़, बिजली, पानी की सुविधाएं नहीं मिलने पर अब प्लाटधारकों की शिकायतें बढ़ रही है।

## केदारनाथ ज्योतिर्लिंग से पैदल किलकर अकोला महाराष्ट्र जा रहे कांवड़ियों का किया स्वागत



**बुरहानपुर।** हरिहरपेठ आकोला महाराष्ट्र के पहलवान राजू चौहान के सानिध्य मे लगभग 35 कांवड़ यात्रीयो का जत्था केदारनाथ ज्योतिर्लिंग से पैदल निकलकर ब्रह्मपुर जिले मे प्रवेश किया सकल पंच लेवा पाटीदार समाज मे रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था श्री जय बजरंग व्यायाम शाला सिंधीपुरा गेट की ओर से की गई। यह कांवड़ यात्री हर वर्ष एक ज्योतिर्लिंग की यात्रा करते है यह इनकी छठवी ज्योतिर्लिंग यात्रा है जो केदारनाथ से होकर आकोला महाराष्ट्र पहुंचेगी यहाँ यात्रा बुरहानपुर शहर के गणपति मंदिर गणपति नाका से सुबह 9.00 बजे सिंधीपुरा,बुधवारा ,फ्वारा चौक, बाई साहब की हवेली होते हुए राजघाट जैनबाद के पुल से बढ़झिरी मे विश्राम रहेगा। स्थानिय युवाओं को महान पुण्यकर्म करने वाले कांवड़ यात्रीयो से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हिन्दू जागरण मंच के संयोजक अजित परदेशी,शिवकुमार भाई पासी, महेशगिं चौहान , श्रिषकेश चौहान,मुकेश नरवरे, पवन मोरे, पप्पू पहलवान, विजय मोर, पवन साहू, पंकज ठाकुर, दीपू यादव ,सत्यम बुंदेल, जीवन प्रजापति अधिक संख्या मे बुरहानपुर शहर के कावड़िये भी उपस्थित हुए।

## हत्या के प्रकरण में सत्र न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास



**बुरहानपुर।** घटना दिनांक 08/09/24 थाना शिकारपुरा अंतर्गत ग्राम गव्हाना में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी द्वारा फरियादी के साथ लड़ाई झगड़ा कर धक्का देने से फरियादी को सिर पर गंभीर चोट आई एवं आरोपी द्वारा लकड़ी से सिर पर मारकर प्राण घातक चोटे पहुंचाई जिससे फरियादी की मृत्यु हो गई जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना शिकारपुरा पर अपराध क्रमांक 372द्24 धारा 296,103,1,3;5 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था। विवेचक द्वारा अपराध में साक्ष्य संकलन कर दिनांक 21/11/24 को माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया। उक्त अपराध में आरोपी यश पिता अनिल धर्मे उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गव्हाना थाना शिकारपुरा को माननीय सत्र न्यायालय द्वारा धारा 103 भारतीय न्याय संहिता में आजीवन कारावास व 5000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी शिकारपुरा निरी.कमल पवार द्वारा की गई थी। प्रकरण में शासन की ओर से सफलतापूर्वक पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री श्याम देशमुख द्वारा की गई थी।

## अवैध हथियार निर्माण पर रोकथाम जागरूकता अभियान

**बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर में दिनांक 31/07/25 को पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में अवैध हथियार निर्माण की रोकथाम एवं जन.जागरूकता के उद्देश्य से थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव द्वारा ग्राम पाचौरी के नव युवक जो अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके एवं समाज के वरिष्ठगण जो रोजगार से जुड़े हुए हैं उनके साथ थाना परिसर में बैठक लेकर उनके रोजगार के संबंध में चर्चा की गई।थाना प्रभारी द्वारा सिकलीगर समाज के लोगों से रोजगार के संबंध में आने वाली दिक्कतों के बारे में पूर्ण सहायता करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने समाज के लोगों को अवैध हथियार निर्माण की कानूनी गंभीरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा समझाइश दी कि ऐसी गतिविधियों से समाज की छवि धूमिल होती है और यह अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस कार्य से दूर रहें और अपने बच्चों को भी वैधए सम्मानजनक रोजगार की दिशा में प्रेरित करें।

## मोनिया यादव को मिली पीएचडी उपाधि,किया सम्मान



**नवभारत न्यूज,नेपानगर।** नेपानगर निवासी मोनिया यादव ने लोक प्रशासन विषय में ष् कुंभ मेलों की प्रशासनिक व्यवस्था का अध्ययन कर उज्जैन सिंहस्थ 2016 के विशेष संदर्भ में शीर्षक पर अपने शोध निदेशक डॉ वीरेंद्र चावरे के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया जिन्हें विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला की शोधार्थी मोनिया यादव को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई।

आपको बतादे कड़ी महनत और लगन से उज्जैन सिंहस्थ 2016 के विशेष संदर्भ में अपना शोध कार्य पूर्ण कर और पीएचडी उपाधि पाकर अपना परिवार ही नहीं नेपानगर और बुरहानपुर जिले का नाम रोशन किया है इस अवसर पर पति मोहिंदर सिंह यादव, पिता आजाद यादव पूर्व सभापति नगर निगम उज्जैन माता विमला यादव एवं सासु मां रूपकला बद्री प्रसाद यादव नेपानगर परिवार एवं समाज जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की मंगलकामनायें प्रेषित की है।

## सेवानिवृत्त निगम कर्मचारियों का डिप्टी कमिश्नर ने श्रीफल भेंटकर किया सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आज नगर निगम में निर्वाचन शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 संजय मुंगी और स्वास्थ्य विभाग के सफाई संरक्षक के पद पर पदस्थ श्रीमती चंपाबाई चंदू आदि कर्मचारियो ने नगर निगम में 31 जुलाई को अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर आज निगम से सेवानिवृत हुए

नगर निगम परिसर में सहायक आयुक्त रितेश पाटीदारएसहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्माएलेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल ने सेवानिवृत कर्मचारियों का शाल श्रीफल भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

नगर निगम सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने कहा कि हमारे नगर निगम से निर्वाचन विभाग के अधिकारी संजय मुंगी के सेवानिवृत होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संजय मुंगी जी आप 29 जुलाई 1997 को नगर निगम में ज्वाइन किया था अपने निर्वाचन के क्षेत्र में काफी उत्कर्ष एवं सराहनीय कार्य किया है इसलिए आपको कई बार सम्मानित भी किया गया था और आपको निर्वाचन का 20 वर्ष का अनुभव भी प्राप्त हुआ है आप जैसे कर्मठ ईमानदार कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ेगी तो हमें उम्मीद है कि आप नगर निगम परिवार के लिए हमेशा तैयार रहोगे और मैं आपकी लंबी उम्र की मंगल कामना करता हु और आपको सेवानिवृत होने पर शुभकामनाएं भी देता हूं।

आप सभी निगम की सेवा में आपका बहुत योगदान है उसमें अपने अच्छा कार्य किया तथा नगर निगम में अपने उत्कृष्ट कार्य किया। सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का फूलहर देकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर निगम कार्यालय में सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल,जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे,योजना प्रभारी संजय शाह,कर्मचारी नेता अनिल सारवान, संजय चौधरी , लेखा अधिकारी सजन उईके एवं निगम के अधिकारीयों एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं में सुधार लाएं : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि जिले में विभाग अंतर्गत चिह्नित और आवश्यतानुसार शाला भवनों की मरम्मत करें वही अनुपयोगी शाला भवनों को तोड़ने की कार्यवाही शीघ्र ही सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में लापरवाही ना बरतेंए प्राथमिकता के साथ यह कार्य करें। इन कार्यों में लापरवाही होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**टूर डायरी तैयार करेंः**– विदित है कि गुरुवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बीआरसी, जनशिक्षकों से चर्चा करते हुए उनके कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि सभी अपनी टूर डायरी तैयार करें। टूर डायरी की जांच हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए जायेंगे। नोडल अधिकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी होंगे। वही निरीक्षण रिपोर्ट की जानकारी गूगलशीट पर भी भरनी होगी। व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं कि शालाओं में व्यवस्थाएं व्यवस्थित रहे। मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। अगर कोई शाला भवन या कक्ष निरीक्षण के दौरान जर्जर मिलता है या जिन्हें शिफ्ट करना है उसके संबंध में तत्काल कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करें। प्राप्त जानकारी अनुसार 101 भवनो की मरम्मत एवं सुधार हेतु प्रस्ताव भेजे गए है।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने शिक्षा विभाग के प्रगतिरत कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए है कि शासन स्तर से शालाओं को प्राप्त होने वाली राशि का सही उपयोग किया जाएए व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाए। कार्यों में अनियमितता मिलने पर कार्यवाही होगी।

अन्य विषयों की समीक्ष एजुकेशन पोर्टल 3ण्0 के माध्यम से नामांकन की स्थितिए पुस्तक वितरणए गणवेश वितरण के तहत बैंक खातों का सत्यापन,सायकिल वितरण इत्यादि अन्य विषयों पर गहनता के साथ समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, डीपीसी श्री महाजनए बीआरसी,जनशिक्षकगण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र सारोला अस्पताल संयुक्त शिविर, 52 लोगों की जांच



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले के सीएमएचओ डॉ राजेंद्र कुमार वर्मा जी के आदेश अनुसार एवं खकनार अस्पताल के सीबीएमओ डॉ.अनुराग सोनी के मार्गदर्शन में आईसीटीसी केंद्र खकनार अस्पताल के एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने शिविर में उपस्थित लोगों को एचआईवी/ एड्स,सिफलिस की बीमारी के बारे जागरूक किया। सिसोदिया ने बताया है की अगर किसी बीमारी की सही समय पर जांच करवा ले और बीमारी का पता चल जाए तो उस पीड़ित व्यक्ति को जिला अस्पताल बुरहानपुर रेफर करके उसकी निःशुल्क दवाई एआरटी सेंटर से चालू करवा सकते है सउस पीड़ित व्यक्ति का निःशुल्क उपचार किया जायेगा स आईसीटीसी केद्र खकनार और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना का शिविर गांव. गांव में आयोजित कियां जा रहा है।

टीबी विभाग बुरहानपुर से नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष जोशी की उपस्थित में लोगों को टीबी के प्रमुख लक्षणों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी है शिविर में 52 लोगों की ग.तंल मशीन से टीबी की जांच की गई है स साइटीबी और नॉट टीबी की जांच की गई है शिविर में टीबी टीमेंट सुपरवाइजर पदमाकर पाटिल ने टीबी के प्रमुख कारणों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी है अगर किसी व्यक्ति को ये लक्षण दिखाई देते है तो टीबी की जांच सरकारी हॉस्पिटल में जाकर निःशुल्क जांच करवा लेना चाहिए ताकि अगर किसी व्यक्ति को टीबी के बीमारी निकल जाए ।तो उस व्यक्ति को समय पर दवाई चालू कर सके । उस व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार आईसीटीसी केंद्र में एचआईवी एड्स और सिफलिस की जांच निःशुल्क करवा लेना चाहिए ताकि मरीजों को समय पर ईलाज उपलब्ध करवाया जा सके। जिला अस्पताल बुरहानपुर से सीनियर लैब टेक्निशियन सुपरवाइजर राजू राठौड़ ने लोगों को जागरूक किया टीबी की बीमारी के बारे में जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई स प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारोला के इंचार्ज डॉण्नबील खान,डॉ.जीवन कोलकर ने मरीजों का रूटीन का चेकअप किया स सुपरवाइजर जग्गू चतुर्वेदी आशा सुपरवाइजर वैशाली पाटिल कुष्ठ रोग विभाग से कैलाश पेटल,साईं आशीष भोपाल एनजीओ से जगदीश रावत, नितिन बारी एवम आसपास के गांव की समस्त आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## कॉटनवाला कांग्रेस बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी प्रकोष्ठो के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति संबंधी पत्र जारी किया है जिसमें मध्य प्रदेश बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बुरहानपुर के सलीम कॉटन वाला जी की नियुक्ति हुई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार व विभाग प्रकोषों के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान जी की सहमति से हुई है। गुरुवार को इस नियुक्ति के बाद उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला सचिव आशीष भगत,निखिल खंडेलवाल,शेख आरिफ,प्रमोद जैन,जमील चौहान आदि उपस्थित थे।

## पुरानी पेंशन एवं अन्य मुद्दों पर आज संयुक्त मोर्चा का आठ सूत्रीय ज्ञापन





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मण्प्रण् अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं छडव्चै बुरहानपुर का सम्पर्क अभियान बुरहानपुर जिले में किया गया ।जिसके अंतर्गत हरि रपुराउर्दू स्कूलए खैराती बाजार, मंडी चौक, कन्या स्कूल में कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में धुआंधार जनसंपर्क किया गया और सभी कर्मचारी शिक्षक, शिक्षिका भाई एबहन को पुरानी पेंशन के संबंध में जागरूक किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जी एवं हम सब कर्मचारियों अधिकारियों के लगातार सक्रिय होकर पुरानी पेंशन के संबंध में जो आंदोलन किए गए हैं 2017 से उसमें हमें सफलता मिली केंद्र सरकार ने नई पेंशन स्कीम से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू कर दी लेकिन हम लोग 2005 से बंद पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ चाहते हैं अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशफाक खान ने कहा कि कल होने वाले 1 अगस्त के ज्ञापन को जबरदस्त रूप से सफल करना है हम सबको एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ना है अपना अधिकार पाना है इस अवसर पर हरिपुरा स्कूल की प्राचार्य खैराती बाजार के प्राचार्य लालबाग के प्राचार्य कन्या चौक के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षण का भाई बहनों ने कहा कि हम अपने पुराने पेंशन की अधिकार के लिए कल एसडीएम कार्यालय बुरहानपुर पर शाम 5.30 बजे इकट्ठा होंगे और प्रधानमंत्री जी एमाननीय मुख्यमंत्री जी के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से अपना ज्ञापन देंगे कल के होने वाले ज्ञापन को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस,अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ,मंडी कर्मचारी महासंघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ,स्थाई कर्मी कर्मचारी संघ,पेंशनर्स संघ,आजाद शिक्षक संगठन,अजेक्स संगठन, ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशनतथा अपेक्स संगठन सहयोग एवं समर्थन करेगा।

### एक नजर

### ठाकुर वीरेंद्रसिंह मेमोरियल स्कूल,नेपानगर में संस्थापक दिवस पर श्रद्धांजलि

## वृक्षारोपण,स्वच्छता पखवाड़ा व रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ठाकुर वीरेंद्रसिंह मेमोरियल स्कूल,नेपानगर में दिनांक 31 जुलाई 2025 को संस्थापक दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि से सेवा तक की प्रेरणा के साथ सामाजिक सेवाभावी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष ठाकुर आदित्य वीर सिंह जी ने अपने संदेश में कहा कृ

ष्हमारे प्रेरणा स्त्रोत स्वण् ठाकुर वीरेंद्र सिंह जी के मार्ग पर हम निरंतर अग्रसर हैं और नेपानगर की सेवा में समर्पित हैं। वे हमारे शिक्षा जगत में जागरूकता की ज्योति जलाने वाले पुनीत व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम का आयोजन स्व.ठाकुर वीरेंद्रसिंह जी एवं स्व.छगनलाल जी जैन की पावन स्मृति को समर्पित करते हुए किया गया, जिनके आदर्शों और सामाजिक मूल्यों ने इस संस्था को एक नई दिशा दी।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर आदित्य वीर सिंह अध्यक्ष ,घीसुलाल जैन उपाध्यक्ष ,तारिका वीरेंद्र सिंह ठाकुर सेवा सदन अध्यक्ष,शोभालाल जी जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती विनोद पाटिल, प्रधानाचार्य श्रीमती शुभांगी यशवंत पाटिल, डॉ.यशवंत पाटिल ,अजय भघेल ,सत्येन्द्र सिंह ,राजेश पटेल लारा,मनोज चौरसिया,विनोद सिंह चौहान, प्रदीप कुमार सिंह चौहान ,अभिभावक एवं वन विभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान से हुईए जिसके अंतर्गत स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफसफाई की गई। तत्पश्चात कक्षा अनुसार विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया और ष्एक बच्चा एक पेड एक नई जिंदगी का संकल्प लिया गया।

रक्तदान शिविर में विद्यालय के शिक्षकोंए शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल प्रस्तुत की। कुल 50 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। पूर्व.प्राथमिक विद्यार्थियों द्वारा सुंदर धन्यवाद कार्ड बनाए गए। विद्यार्थियों द्वारा जॉय बॉक्स अभियान के तहत खिलौने व स्टेशनरी एकत्र कर दान हेतु तैयार की गई विद्यार्थियों ने पर्यावरण,एकता और सेवा पर आकर्षक पोस्टर एवं नारे प्रस्तुत किए।

विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर दिवंगत प्रेरणास्त्रोत स्वण् ठाकुर वीरेंद्र सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक मूल्यों को अपनाने और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।